निःशुल्क–प्रेस विज्ञप्ति

सचिव/कार्यपालक अधिकारी, मैलाना अली मियां मेमोरियल हज हाउस, सरोजनीनगर, लखनऊ के पत्र संख्या–जी–।।/520/एस0एच0सी0/2024, दिनांक–04.12.2024 द्वारा अवगत कराया गया है कि हज यात्रियों के प्रशिक्षण हेतु प्रशिक्षकों का चयन हेतु आन्लाईन आवेदन हज कमेटी की **वेबसाईट–https://.hajcommittee.gov.in** पर **दिनांक–04 दिसम्बर–2024 से 13 दिसम्बर–2024** की रात्रि–11:59 तक भरा जायेगा। भरे हुये आवेदन के सम्बन्ध में दिसम्बर–2024 के तीसरे सप्ताह में लिखित परीक्षा सम्भावित है। आवेदन केवल आन्लाईन स्वीकार किये जायेंगे। आफ्लाईन आवेदन स्वीकार्य नहीं होंगे। 150 हज आवेदकों पर 01 प्रशिक्षक का चयन किया जायेगा। पूर्व प्रशिक्षक, जिनको पिछला अनुभव व पर्याप्त ज्ञान हो का चयन किया जायेगा। गत वर्षों में जिनका बार–बार चयन हुआ हो परन्तु प्रदर्शन निराशजनक है उनका चयन नहीं किया जायेगा।

प्रशिक्षक की आयु 30 नवम्बर 2024 को 25 वर्ष से कम व 60 वर्ष से अधिक न हो(जन्म तिथि 01 दिसम्बर 1964 से पूर्व की न हो) समुचित संख्या में महिलाओं का भी चयन किया जाय, जिससे कि महिला हज आवेदकों को प्रशिक्षंण दे सकें। आपराधिक रिकार्ड वाले आवेदक का चयन नहीं किया जायेगा। आवेदक को गत पांच वर्षो में हज किया होना अनिवार्य है, अंग्रेजी/उर्दू/हिन्दी व स्थानीय भाषा बोलने समझने में निपुण हो। हज एवं उमराह के अरकानों एवं उसके कियान्वयन की पूर्ण जानकारी रखता हो। मानसिक व शारीरिक रूप से पूर्णतः स्वस्थ हो। भीड़/समूह को सम्बोधित करने व नियंत्रित करने का अनुभव हो। कम्प्यूटर की जानकारी रखता हो, ताकि सम्बन्धित सूचनाओं को आदान–प्रदान ई–मेल,व्हाटसैप आदि सुविधाओं का पूर्णतः भिज्ञ हों। जो आवेदन सही पाये जाएंगे उन अभ्यर्थियों का साक्षात्कार राज्य हज समिति अथवा जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी द्वारा जिला स्तर पर किया जायेगा।

अतः जनपद के समस्त इच्छुक हज प्रशिक्षकों को सूचित किया जाता है कि हज यात्रियों के प्रशिक्षण हेतु हज कमेटी के उक्त वेबसाईट पर आन्लाईन आवेदन करना चाहें।

(कमलेश कुमार मौर्य)
जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी
गोरखपुर।

कार्यालय–जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, गोरखपुर।

पत्रांकः 495/**जि0अ0सं0क0–हज प्रशिक्षक चयन–2025,** **दिनांकः** 05 **दिसम्बर–2024**

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1–सचिव/कार्यपालक अधिकारी, उ0प्र0 राज्य हज समिति, मौलाना अली मियां मेमोरियल हज हाउस, सरोजनी नगर, लखनऊ।

2–जिलाधिकारी महोदय, गोरखपुर को सादर अवलोकनार्थ।

3–सहायक सूचना निदेशक/जिला सूचनाधिकारी गोरखपुर को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त प्रेस–विज्ञप्ति को जनपद के समस्त दैनिक समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।

4–प्रबंधक/प्रधानाचार्य, हज ई0 सुविधा केन्द्र, मदरसा , अंजुमन इस्लामियां, खूनीपुर, गोरखपुर व मदरसा, जामिया रजविया अहले सुन्नत गोला बाजार को उपरोक्तानुसार प्रचार व प्रसार हेतु।

05/12/24

जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी
गोरखपुर।